



... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, मंगलवार, 16 दिसम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 103 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया, पेज-3








## US डॉलर के मुकाबले रुपया सर्वकालिक निचले स्तर पर



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को लाल निशान पर खुला। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 9:24 तक 337.53 अंक या 0.40 प्रतिशत गिरकर 84,875.83 अंक पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 100.70 अंक या 0.39 प्रतिशत गिरकर 25,926.60 अंक पर आ गया। शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 5 पैसे गिरकर अब तक के सबसे निचले स्तर 90.83 पर पहुंच गया।

## कश्मीर में सीआईके की तड़के बड़ी कार्रवाई, अलसुबह धमकी टीम

**जम्मू।** काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) ने मंगलवार को आतंकी गतिविधियों से जुड़ी चल रही जांच के तहत कश्मीर घाटी में कई जगहों पर सुबह-सुबह छापे मारे। यह कार्रवाई घाटी के सात जिलों में फैले 12 ठिकानों पर की गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, सीआईके पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर नंबर 03/2023 के सिलसिले में सर्च वारंट मिलने के बाद बाद यह छापेमारी अभियान चलाया गया।

## दिल्ली में सांसों पर संकट बरकरार, कई इलाकों में 400 के पार एक्यूआई

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में दमघोंटू हवा से परेशानी को कोहरे और ठंड ने और बढ़ा दिया है। मंगलवार सुबह की धुंध और कोहरा दिखाई दिया। वहीं, स्मॉग की मोटी चादर भी दिखाई दी। इस कारण कई इलाकों में दृश्यता भी बेहद कम रही। वहीं, एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली के अनुसार, मंगलवार सुबह राजधानी का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 381 दर्ज किया गया है।

## नेशनल हेराल्ड केस में ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से अदालत का इनकार



**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य को राहत दी है। अदालत ने मामले में मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दायर चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया है। अदालत ने कहा कि ईडी मामले में आगे की जांच जारी रख सकती है। हालांकि, कोर्ट ने यह भी कहा कि इस स्टेज पर संज्ञान नहीं लिया जा सकता क्योंकि ईडी का मामला सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर एक निजी शिकायत और मजिस्ट्रेट के समन आदेशों पर आधारित है, न कि किसी एफआईआर पर।

# 'जीराम जी' पर बवाल

## मनरेगा का नाम बदलने वाला विधेयक संसद में पेश

● बिल पर भड़के विपक्ष ने जताया विरोध

● कहा-ये गरीबों की रोजी-रोटी छीनने की साजिश



**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र में अब केवल चार दिनों की कार्यवाही बाकी है। सरकार की तरफ से कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मनरेगा का नाम बदलने लिए विकसित भारत जी राम जी बिल पेश किया। लोकसभा में 11 बजे से प्रश्नकाल की शुरू हुआ। इसके बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा विधि संशोधन विधेयक) पेश किया। विपक्षी दलों ने इसका विरोध किया। इसके अलावा भी कई अहम विधायी कार्य सूचीबद्ध हैं। लोकसभा में मंगलवार को 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (VB-जी राम जी) बिल, 2025' पेश होने के बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि हम इस बिल का विरोध करते हैं। हर योजना का नाम बदलने की सनक समझ नहीं आती है। बिना चर्चा के बिना सलाह लिए विधेयक को पास न करें। इसे वापस लें। नया विधेयक पेश करें। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी मेरे परिवार के नहीं, मेरे परिवार जैसे ही हैं। पूरे देश की यही भावना है। कम से कम स्थायी समिति के पास इस बिल को भेंजे। कोई विधेयक किसी की निजी महत्वकांक्षा, सनक और पूर्वाग्रहों के आधार पेश नहीं होना चाहिए। और ना ही पास होना चाहिए। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि महात्मा गांधी का अपमान नहीं होना चाहिए। बाहर से देखने में ऐसा लग रहा है कि सिर्फ मनरेगा का नाम बदला जा रहा है, लेकिन आशंका है कि कहीं इस योजना को पूरी तरह खत्म करने की तैयारी तो नहीं है।

### राम का नाम बदनाम ना करो : थरूर

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी 'VB- जी राम जी' बिल का विरोध किया। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी का नाम बदलना सही नहीं है। महात्मा गांधी का नाम राज्य का विजन पॉलिटिकल नहीं सामाजिक विकास का था। उनका नाम ही हटाना गलत है। राम का नाम बदनाम ना करो।

### विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में किया प्रदर्शन

मनरेगा का नाम बदलने के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सांसदों ने महात्मा गांधी की तस्वीरें हाथ में लेकर प्रदर्शन किया और कहा कि मनरेगा से गांधी का नाम हटाना उनके योगदान का अपमान है।

### अकाली सांसद ने कहा गरीबों का अधिकार छीनने की साजिश

शिरोमणि अकाली दल (SAD) की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने कहा कि सरकार के पास वंदे मातरम् जैसे मुद्दों पर लंबी बहस का समय है, जिससे गरीबों को कोई सीधा फायदा नहीं होता, लेकिन अब मनरेगा का नाम बदलने का बिल लाया जा रहा है। हरसिमरत कौर ने आरोप लगाया कि नए बिल के जरिए गरीबों के अधिकार छीने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि BJP सरकार भगवान राम के नाम की आड़ में मनरेगा को खत्म करना चाहती है। उनके मुताबिक सरकार का एजेंडा साफ है और उसका गरीबों के कल्याण से कोई लेना-देना नहीं है।

### कोई भी गांधी का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा : सपा

समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव ने बिल का विरोध किया। कहा कि इससे प्रदेशों पर वजन बढ़ाया जा रहा, अपना कम कर रही है। इस देश का कोई भी व्यक्ति गांधी जी का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा। राम जी का सम्मान पूरा देश करता है। लेकिन गांधी जी भी अंतिम समय में 'हे राम' कहकर गए थे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का वेतन दोगुना किया जाए


● संसद में बोलीं सोनिया गांधी, सरकार ICDS में भर्तियां भी बढ़ाए'



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने मंगलवार को राज्यसभा में अग्रिम मोर्चे पर काम करने वाली महिलाओं की मुश्किलों का मुद्दा उठाया। उन्होंने आशा और आंगनवाड़ी कर्मियों के वेतन में केंद्र सरकार के योगदान को दोगुना करने और एकीकृत बाल विकास योजना (आईसीडीएस) में करीब तीन लाख रिक्त पदों को भरने की मांग की। शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत काम करने वाले लोग सार्वजनिक सेवाओं में अहम भूमिका निभाते हैं, इसके बावजूद वे काम के बोझ से दबे हुए हैं और उन्हें कम वेतन मिलता है। उन्होंने कहा, देश भर में आशा कार्यकर्ता टीकाकरण, जनजागरूकता, मातृ स्वास्थ्य और परिवार कल्याण जैसे कार्य करती हैं। फिर भी वे कम मानदेय और सीमित सामाजिक सुरक्षा के साथ स्वयंसेवक के रूप में काम कर रही हैं। सोनिया गांधी ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार की ओर से केवल 4,500 रुपये और सहायिकाओं को 2,250 रुपये मासिक मानदेय दिया जाता है।

## पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट से कटे 58 लाख से ज्यादा नाम

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मंगलवार सुबह चुनाव आयोग ने उन मतदाताओं के नामों की सूची अपनी वेबसाइट पर जारी कर दी, जिन्हें 2026 की ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल से हटा दिया गया है। ये नाम 2025 की मतदाता सूची में थे, लेकिन अब इन्हें बाहर कर दिया गया है। यह कदम स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) 2026 के तहत उठाया गया है। आयोग के सूत्रों के मुताबिक, 58 लाख से ज्यादा SIR फॉर्म 'अनकलेक्टेबल' पाए गए, यानी इन्हें जमा नहीं किया जा सका या सत्यापन नहीं हो सका। इन नामों को हटाने की वजहें साफ हैं। कई मतदाता अपने दर्ज पते पर नहीं मिले, कुछ स्थायी रूप से कहीं और शिफ्ट हो गए, तो कुछ की मौत हो चुकी है।




# चार हादसे चौदह मौत

## मथुरा, बागपत, उन्नाव और बस्ती में कोहरे की विनाश लीला

● दर्जनों की संख्या में लोग घायल, कई गंभीर, सीएम ने जतायी संवेदना





**लखनऊ।** कोहरे के कारण यूपी के कई जिलों में सड़क हादसे हुए हैं। जिनमें 14 लोगों ने अब तक अपनी जानें गंवाई है और दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। प्रदेश के मथुरा, बागपत, उन्नाव और बस्ती में कोहरे के चलते कई गाड़ियां हादसे का शिकार हुई हैं। सोमवार रात करीब 2 बजे यमुना एक्सप्रेस-वे पर आगरा से नोएडा जा रही लेन पर घने कोहरे के बीच तेज रफ्तार में दौड़ रहे कई वाहन आपस में टकरा गए। सात बसों और दो कारों में भीषण आग लग गई। कई लोग वाहनों के अंदर फंस गए, कुछ ने बसों से कूदकर अपनी जान बचाई। अब तक चार लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इस हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी ने मृतक परिजनों के लिए पांच लाख रुपये और घायलों का बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए हैं।

### बोल्डर से टकराई फार्च्यूनर

उन्नाव में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार सुबह लगभग 6 बजे 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से जा रही फार्च्यूनर कार बांगरमऊ क्षेत्र में हवाई पट्टी पर रखे बोल्डर से टकराकर पलट गई। हादसे में चालक समेत चार की मौत हो गई।

### हिंडन नदी में गिरी कार

मेरठ में दबिश देकर लौटते समय सोमवार देर रात कार बालैनी पुल से हिंडन नदी में गिर गई। उसमें सवार हेड कांस्टेबल समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक कांस्टेबल समेत तीन व्यक्ति घायल हो गए।

### बस-ट्रक की टक्कर

संतकबीरनगर से तीर्थनगरी अजमेर जा रही एक निजी यात्री बस ट्रक से भिड़ गई। इस हादसे में चार यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव

● तापमान अधिकतम : 28.3°C
● तापमान न्यूनतम : 13.0°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14

वाराणसी, 16 दिसम्बर, मंगलवार, 2025 (3)




छाया : जनमुख डेस्क



तमिल संगमम 4-0 में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं कलाकार : छाया जनमुख

# आ गया ऊंट पहाड़ के नीचे

## पकड़ा गया दुर्दान्त अपराधी : कई सनसनीखेज वारदातों में था शामिल



**● हत्या, लूट सहित 15 से ज्यादा संगीन अपराधों में की है भागीदारी**

**वाराणसी।** वाराणसी कमिश्नरेट की सारनाथ पुलिस ने मंगलवार की सुबह दुर्दांत अपराधी अजय उर्फ विजय को गिरफ्तार किया। हत्या, लूट, फिरौती समेत 15 से ज्यादा मुकदमों में वांछित अपराधी अजय उर्फ विजय की गिरफ्तारी कमिश्नरेट पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इसके खिलाफ लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी और चंदौली व गाजीपुर, जौनपुर समेत बिहार में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार अजय उर्फ विजय ने दो मई वर्ष 2022 को लखनऊ में प्रॉपर्टी डीलर और टीटीई विजयशंकर सिंह को शराब पीने के दौरान हुए विवाद में गोली मार दी गई थी। विजयशंकर ने अजय सिंह सहित छह से ज्यादा लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। अजय उर्फ विजय ने इसके पूर्व 13 सितंबर 2007 में वाराणसी के पांडेयपुर में सरकारी चिकित्सक डॉ. डीपी सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसमें भी अजय उर्फ विजय सिंह आरोपी बनाया गया। अपराधी ने वर्ष 2012 में गाजीपुर के सैदपुर में सराफा कारोबारी भाईयों को गोली मारकर लाखों की लूट को अंजाम दिया था। उधर, अप्रैल वर्ष 2013 में अजय को वाराणसी की कैंट पुलिस ने 9 एमएम की पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया। कुछ माह बाद ही वह जमानत पर छूट गया था। सितंबर वर्ष 2022 में उसने चंदौली की अदालत में गैंगस्टर के पुराने मामले सरेंडर किया था। उस समय यह एक लाख का इनामी था। उसके बाद यह वाराणसी जिला कारागार में बंद था।

### वायुसेना पायलट के घर में चोरी

**वाराणसी।** शिवपुर थाना क्षेत्र के परमानंदपुर स्थित महेश नगर कॉलोनी में वायु सेना के एक पायलट के मकान को चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने घर से हजारों रुपए नगद और लाखों के कीमती आभूषण चुरा लिए। यह घटना पड़ोसियों के अनुसार रात के समय हुई, जब परिवार के सदस्य घर में नहीं थे।






## गुणवत्ता में हेराफेरी पर कार्रवाई तय


**● लापरवाही और उदासीनता बर्दाश्त नहीं**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में विकास प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं की समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यों में लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं होगी। कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने विभागीय योजनाओं के सम्बन्ध में स्टाफ के साथ समीक्षा कर समयान्तर्गत कार्य कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू कर पात्र आम जन मानस को त्वरित गति से लाभ पहुंचाया जाए, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## BHU-RSS भवन मामले में अब 28 को होगी सुनवाई

**● बीएचयू ने प्रतिवादी सूची से कुलपति का नाम हटाने के लिए किया आवेदन**



**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय परिसर में RSS भवन संचालन को लेकर वाराणसी न्यायालय के सिविल जज जूनियर डिवीजन में सुनवाई हुई। अब इस मामले में 28 जनवरी को अगली सुनवाई होगी। दरअसल 1 जुलाई 2023 को प्रमील पांडे की तरफ से वाराणसी न्यायालय में एक वाद दाखिल किया गया था जिसमें उनका कहना है कि BHU परिसर में RSS भवन संचालित होता था, लेकिन आपातकाल 1975-76 में परिसर में स्थित RSS भवन को तोड़ दिया गया, इसके अलावा संघ से जुड़ी गतिविधियों पर भी रोक लगा दी गई थी। बीएचयू के संघ भवन मामले में विश्वविद्यालय के अधिवक्ता ने सोमवार को कुलपति का नाम प्रतिवादी की सूची से हटाने का आवेदन दिया है। साथ ही 4 दिसंबर को दिए गए आदेश को वापस लेने के लिए भी आवेदन दायर किया गया। अब इस मामले में अगली सुनवाई अगले साल 28 जनवरी को होगी। वहीं, बीएचयू वाणिज्य संकाय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अवधेश सिंह ने भी 30 पेज का प्रार्थना पत्र दाखिल कर केस को खारिज करने की मांग की है। वाणिज्य संकाय के डॉ. अवधेश सिंह ने प्रार्थना पत्र दाखिल कर कहा कि प्रमील पांडेय के वाद में छात्रसंघ के गठन की बात सही है, लेकिन बाकी तथ्य सिर्फ आरोप हैं। इनमें किसी विशिष्ट घटना का उल्लेख नहीं है। ऐसे में इस केस को खारिज किया जाए। 1 जुलाई 2023 को यह मामला दाखिल किया गया था।

## मठ-मंदिरों पर टैक्स को लेकर संतों ने दी आमरण अनशन की धमकी

**● देशभर के मठों और मंदिरों को पत्र लिखकर एकजुट होने का आह्वान**

**वाराणसी।** काशी में मठ और मंदिरों पर टैक्स लगाए जाने को लेकर संत समाज में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। काशी के संतों ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश में वर्तमान में जो कार्य हो रहे हैं, वे कभी मुगल शासक औरंगजेब ने भी नहीं किए। यह बयान संतों ने वाराणसी नगर निगम द्वारा मठों और मंदिरों पर टैक्स लगाए जाने के विरोध में दिया है। निगम की ओर से टैक्स जमा न करने पर कई मठों को नोटिस जारी किए गए हैं, जिसमें 15 दिनों के भीतर टैक्स न जमा करने पर कुर्की की चेतावनी दी गई है। इस कार्रवाई से काशी के संतों में हड़कंप मच गया। इसके विरोध में वाराणसी के पातालपुरी मठ में संतों की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर निगम के फैसले का कड़ा विरोध किया गया। बैठक के बाद संतों ने देशभर के मठों और मंदिरों को पत्र लिखकर एकजुट होने का आह्वान किया है। संतों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि मठों और मंदिरों को टैक्स से पूरी तरह मुक्त नहीं किया गया, तो वे आमरण अनशन पर बैठने को मजबूर होंगे।

### वाराणसी फर्नीचर एवं फर्निशिंग व्यापार मंडल के चुनाव की घोषणा

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वाराणसी फर्नीचर एवं फर्निशिंग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजय गुप्ता ने अपनी वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर दिया है तथा नए सिरे से चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में संरक्षक एवं चुनाव अधिकारी की नियुक्ति भी कर दी गई है। कार्यकारिणी भंग के साथ सभी पदाधिकारी कार्यकारी हो जाएंगे और चुनाव में पूरा सहयोग करेंगे। नामांकन पत्र दाखिल 17 दिसंबर से 20 दिसंबर 2025 तक नाम वापसी 22 दिसंबर, मतदान 4 जनवरी 2026, सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक, मतगणना एवं परिणाम घोषणा : 4 जनवरी 2026 को शाम 5:00 बजे के बाद।

### नगर निगम ने जब्त की मछली, वसूला जुर्माना

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जैन तीर्थकर भगवान पार्श्वनाथ के जन्मदिन के मौके पर नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल के शहर में मीट-मछली की दुकानों को बंद रखने के आदेश को दरकिनार अपनी दुकानदारी बहाल रखने वाले दुकानदारों की खासी खबर ली गयी। ऐसे दुकानदारों के खिलाफ टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इन दुकानों से मछली जब्त की और साथ ही दुकानदारों से पांच हजार जुर्माना भी वसूला।

### शुभम जायसवाल के ससुरालवालों का खाता भी खंगाला जा रहा

**वाराणसी।** कोडीनयुक्त कफ सीरप के अवैध कारोबार के किंगपिन शुभम जायसवाल के ससुरालवालों की संपत्ति की भी जांच ईडी और एसआइटी ने शुरू कर दी है। शुभम के ससुराल सोनिया रोड स्थित अमर नगर कालोनी तक पहुंची जांच टीम ससुराल वालों से कई राउंड पूछताछ कर चुकी है। साली और साले समेत अन्य सदस्यों के बैंक खातों को खंगाला है। उनके नाम पर कीमती संपत्ति की खरीद फरोख्त की भी जानकारी जुटाई है। ईडी को कुछ ऐसी जानकारी मिली है जिसकी विस्तृत जांच जरूरी है।जांच टीम शुभम जायसवाल के पार्टनर गौरव जायसवाल, विशाल मल्होत्रा, वरुण सिंह, अमित सिंह टाटा के करीबियों के ठिकानों पर भी पहुंचने की तैयारी कर रही है।

## विश्व शांति के लिए 108 कलश के साथ निकली तीर्थंकर भगवान पारसनाथ पार्श्वनाथ की शोभायात्रा

**● मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया शुभारंभ**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** मोहन यादव मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश सरकार ने श्री दिगंबर जैन समाज काशी द्वारा प्रायोजित जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पारसनाथ पार्श्वनाथ की शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। इस मौके पर मोहन यादव ने कहा मैं अपने को धन्यवाद मानता हूं कि काशी की धरती पर भगवान पारसनाथ पार्श्वनाथ की शोभायात्रा का शुभारंभ करने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ। यात्रा बांस फाटक जगमबाड़ी, सोनारपुरा भेलूपुर होते हुए प्रभु पारसनाथ की जन्मस्थली पर पहुंचकर समाप्त हुई इस अवसर पर रजत के 108 कलश से विश्व शांति हेतु पूजन अभिषेक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम संयोजक और उपाध्यक्ष राकेश जैन द्वारा काशी में स्थित चार भगवानों की जन्मस्थली का विकास करने की मांग उठाई गई। इसके उत्तर में विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार स्टांप पंजीयन रविंद्र जायसवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार बहुत गंभीरता से काशी में स्थित जैन तीर्थ का विकास करने पर मंथन कर रही है। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत समाज के अध्यक्ष ऋषभ चंद्र जैन द्वारा किया गया। नेतृत्व उपाध्यक्ष संजय जैन व प्रधानमंत्री प्रदीप जैन द्वारा दिया गया जुलूस के संचालन में सहयोग विनोद जैन, सौरभ जैन, आलोक जैन, पवन जैन कमल बागड़ा, श्रुति जैन, प्रमिला सांवरिया, डॉ कमलेश चंद जैन, पंडित फूल चंद प्रेमी जी, किशोर जैन इत्यादि मौजूद थे। संचालन राकेश जैन द्वारा किया गया

### 88 की उम्र में पदक जीतने वाले श्रीनारायण खेमका सम्मानित

**वाराणसी।** आरोग्य भारती काशी प्रांत एवं एनीमोटेल केयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को कबीरनगर कॉलोनी में स्वास्थ्य भूषण सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं समाजसेवी श्रीनारायण खेमका (88) को स्वास्थ्य भूषण सम्मान मिला। उन्होंने 88 वर्ष की आयु में एशियन मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत और कांस्य पदक जीता था। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने वरिष्ठ नागरिकों के सामाजिक योगदान की सराहना की।


**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324


## यादगार बन गयी तमिल संगमम् की सांस्कृतिक संध्या

**● वाराणसी के कलाकारों ने मचा दी धूम**

**● संगतकारों ने भी खूब साथ निभाया**




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काशी तमिल संगमम् 4.0 के तहत नमो घाट पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या लोगों के यादगार बन गई। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज एवं दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र तंजावूर संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कलाकारों की प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। नमोघाट स्थित मुक्ताकाशी प्रांगण में तमिलनाडु एवं काशी के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत पहली प्रस्तुति डॉ रामशंकर एवं दल, वाराणसी द्वारा भजन गायन से हुआ। द्वितीय प्रस्तुति सोनी सेठ एवं दल, वाराणसी द्वारा कथक नृत्य के माध्यम से दी गयी। तबले पर उदय शंकर मिश्र, हारमोनियम एवं गायन पर आनंद किशोर मिश्रा, सारंगी पर ओम सहाय तथा नृत्य में अर्पिता अग्रहरि ने संगत किया। तृतीय प्रस्तुति आर सतीश एवं दल, तमिल नायडू द्वारा ओइलियट्टम एवं करगम लोक नृत्य से दी गयी। चतुर्थ प्रस्तुति विशाल सिंह एवं दल, वाराणसी द्वारा लोक नृत्य की। अंतिम प्रस्तुति रही आर सतीश एवं दल, तमिल नायडू द्वारा लोक नृत्य की। कार्यक्रम का संचालन अंजना झा ने किया।

## 50 स्कूलों में चली तमिल की क्लास

**● सैकड़ों विद्यार्थियों ने की भागीदारी**



तमिल शिक्षिका को सम्मानित करते प्रधानाचार्य फादर सुसई राज।

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काशी और तमिलनाडु के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक और शैक्षणिक संबंधों को और अधिक सशक्त करने के उद्देश्य से शिक्षा मंत्रालय और बीएचयू के तत्वावधान में आयोजित तमिल करकलाम यानि तमिल सीखे की क्लासेज सफलता पूर्वक संपन्न हो गई। इस आयोजन के तहत जिले के 50 माध्यमिक विद्यालयों में 14 दिनों तक तमिल भाषा की विशेष कक्षाएं संचालित की गईं, जिनमें सैकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह विशेष कक्षाएं राजकीय बालिका विद्यालय मलदहिया, प्रभु नारायण इंटर कॉलेज रामनगर, राधा किशोरी राजकीय विद्यालय रागन, भारती शिक्षा मंदिर इंटर कॉलेज, आर्य महिला इंटर कॉलेज सहित कुल 50 माध्यमिक विद्यालय में संचालित की गयीं।

### सेंट जॉन्स स्कूल, में 'आइए तमिल सीखें' कार्यक्रम का समापन

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सेंट जॉन्स स्कूल, मढ़ौली में विगत 2 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक तमिल संगमम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत 'आइए तमिल सीखें—कर्पोम तमिल, कर्पोम् तगिल' कार्यक्रम के तहत सोमवार को विद्यालय सेंट जॉन्स स्कूल, मढ़ौली में तमिलनाडु की तमिल शिक्षिका जी.बी. गीता ने विद्यालय के विद्यार्थियों के तमिल शिक्षण कक्षाओं का सफलतापूर्वक समापन किया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत तमिल शिक्षिका जी.बी.गीता ने विद्यार्थियों को तमिल भाषा के अक्षर, व्याकरण एवं वाक्यों का प्रयोग करने की जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर सुसई राज ने शिक्षिका जी.बी.गीता को शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

## मऊ समाचार

### किसान को बाइक ने मारी टक्कर, मौत



**मऊ।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चीनी मिल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार रात करीब 8:30 बजे हुए सड़क हादसे में गन्ना लेकर आए एक किसान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर यातायात भी प्रभावित रहा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मधुबन थाना क्षेत्र के सिकड़ी कोल गांव निवासी 50 वर्षीय किसान परशुराम यादव पुत्र बलिराज यादव सोमवार को गन्ना लेकर किसान सहकारी चीनी मिल घोसी आए थे। गन्ना उतारने के बाद जब वे सड़क पार कर रहे थे, तभी मऊ की ओर से अमिला की तरफ जा रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में किसान परशुराम यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल किसान तथा बाइक चालक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने किसान को मृत घोषित कर दिया। बाइक चालक की पहचान अमिला बाजार निवासी 16 वर्षीय आर्यन गुप्ता पुत्र अरुण कुमार गुप्ता के रूप में हुई है।

## सुल्तानपुर समाचार

### 30 तक ट्रेनें फुल, टिकट के लिए मारामारी

**सुल्तानपुर।** सहालग के बाद लोग बाहर जाने के लिए परेशान हैं। लखनऊ-वाराणसी और अयोध्या-प्रयागराज रेल मार्ग पर संचालित लंबी दूरी की अधिकांश ट्रेनों में 30 दिसंबर तक सीटें फुल हैं। ट्रेन में कन्फर्म टिकट को लेकर मारामारी मची हुई है।

दो से तीन दिन नंबर लगाने के बाद भी कन्फर्म टिकट नहीं मिल पा रहे हैं। सोमवार को लाइन में खड़े पांच लोगों को कन्फर्म टिकट मिला। शेष यात्रियों को बिना टिकट के ही वापस लौटना पड़ा। सुल्तानपुर रेलवे जंक्शन से लखनऊ-वाराणसी और अयोध्या-प्रयागराज रूट की ट्रेनों का संचालन होता है। इसके चलते स्टेशन पर हर समय यात्रियों की भीड़ रहती है। कन्फर्म टिकट के अभाव में लोग यात्रा छोड़ने को मजबूर होते हैं। वहीं सॉफ्टवेयर हैकर कन्फर्म टिकट के नाम पर यात्रियों से दोगुने रुपये वसूलते हैं।

## सोनभद्र समाचार

### चारपाई के पास अलाव जलाकर सो रहा था बुजुर्ग, आग लगने से जिंदा जला



**सोनभद्र।** जिले के थाना चोपन क्षेत्र के पनारी गांव के चैना टोला में सोमवार की रात दर्दनाक हादसा हो गया। घर के बरामदे में चारपाई पर गहरी नींद में सो रहे बुजुर्ग की आग से झुलसकर मौत हो गई। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। पनारी गांव के चैना टोला निवासी बलिराम (70) पुत्र बिरजू रोज की तरह सोमवार रात भोजन करने के बाद घर के बरामदे में चारपाई पर सोने चले गए। परिजनों के मुताबिक, वह ठंड से बचने के लिए चारपाई से कुछ दूरी पर आग जलाते थे। रात में किसी अज्ञात कारण से आग ने विकराल रूप ले लिया और चारपाई तक पहुंच गई, जिससे बलिराम आग की चपेट में आ गए।पत्नी बबनी देवी और पुत्र मुरारी ने बताया कि वे लोग घर के दूसरे कमरे में सो रहे थे। सुबह जब बरामदे में पहुंचे तो देखा कि बलिराम का आधे से ज्यादा शरीर जल चुका था और चारपाई, रजाई व गद्दा पूरी तरह जलकर राख हो गए थे। वहीं बलिराम की जलकर मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही चोपन पुलिस और क्षेत्रीय लेखपाल को अवगत कराया गया।

## भदोही समाचार

### कार से कुचलकर हत्या मामले में हर संभव मदद का आश्वासन

**भदोही।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) उत्तर प्रदेश के एक प्रतिनिधिमंडल ने भदोही के घसकरी में कमलाकांत दुबे के पीड़ित परिवार से मुलाकात की। यह मुलाकात केंद्रीय कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान, जमुई सांसद अरुण भारती और उत्तर प्रदेश अध्यक्ष (पूर्वी) राजीव पासवान के निर्देश पर हुई। प्रतिनिधिमंडल ने परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में उत्तर प्रदेश महासचिव कमल तिवारी और प्रदेश संगठन महामंत्री धनंजय दुबे सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे। उन्होंने कमलाकांत दुबे के परिवार के रमाकांत दुबे और विवेक दुबे से बातचीत की। परिवार के एक सदस्य की पिछले दिनों कुछ व्यक्तियों द्वारा कार से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। इस दुखद घटना के बाद, लोजपा उत्तर प्रदेश की टीम ने पीड़ित परिवार को 5100 रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की।

## चंदौली समाचार

### बैक करते समय बेकाबू ट्रैक्टर नहर में पलटा, ड्राइवर की मौत



**चहनिया।** बलुआ थाना अंतर्गत बेलवानी गांव में सोमवार सुबह बैक करते समय बेकाबू गिट्टी लदा ट्रैक्टर नहर में पलट गया। इसमें ट्रैक्टर के नीचे दबकर ड्राइवर कमलेश यादव (35) की मौत हो गई।

पुलिस ने ट्रैक्टर को बाहर निकलवाया और चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कमलेश सकलडीहा कोतवाली के फुल्ली गांव का रहने वाला था। वह ट्रैक्टर ट्रॉली से सड़क निर्माण के लिए कोलतार सनी गिट्टी लेकर जा रहा था। वह बेलवानी गांव के समीप पहुंचा था। वह ट्रैक्टर बैक करने लगा। इसी बीच ट्रैक्टर का पिछला पहिया फिसल गया। इससे ट्रैक्टर बेकाबू होकर नहर में पलट गया। हादसे में चालक कमलेश को संभलने का मौका नहीं मिला और वह ट्रैक्टर के नीचे दब गया। मौके पर ही मौत हो गई। आस-पास के ग्रामीणों ने चालक को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। ग्रामीणों की सूचना पर बलुआ थाना पुलिस पहुंची। वहीं चालक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अतुल कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## देवरिया समाचार


### मासूम से यौन शोषण का आरोप, मंदिर का पुजारी हिरासत में

**बनकटा/रामपुर बुजुर्ग।** क्षेत्र के एक गांव में सात वर्षीय मासूम बच्चे से गांव के ही साठ वर्षीय मंदिर के पुजारी पर यौन शोषण किए जाने का आरोप लगा है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपी पुजारी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दिया है। परिजनों के अनुसार, मासूम बच्चा घर के पास खेल रहा था।

इसी दौरान मंदिर के पुजारी ने उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और मंदिर के समीप सुनसान स्थान पर घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद बच्चे की हालत बिगड़ने पर परिजनों को मामले की जानकारी हुई, तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बनकटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस पीड़ित बच्चे को चिकित्सीय परीक्षण की तैयारी के साथ सभी पहलुओं की गहन जांच में जुटी है।

## गोरखपुर समाचार

### छापा मारकर हानिकारक केमिकल से रंगा 30 टन भुना चना पकड़ा गया



**गोरखपुर।** मुनाफाखोरी के चक्कर में मिलावटखोर अब भुने चना को भी नहीं छोड़ रहे। गोरखपुर में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोमवार की शाम छापा मारकर हानिकारक केमिकल से रंगा गया 30 टन भुना चना पकड़ा है। बाजार में इसकी कीमत 18 लाख रुपए से अधिक है। इसे रंगने के लिए औद्योगिक इकाइयों में कपड़ा व चमड़ा रंगने के लिए प्रयोग किए जाने वाले औरामाइन ओ केमिकल का उपयोग किया गया है। इससे लीवर व किडनी खराब हो सकती है। डीएनए में परिवर्तन से कैंसर का भी खतरा होता है। खाद्य सुरक्षा विभाग को पिछले कुछ दिनों से इस तरह के मिलावटी चने के गोरखपुर आने की सूचना मिल रही थी। जिसके बाद टीम ने राजघाट थाना क्षेत्र के लाल डिग्गी में मेसर्स मां तारा ट्रेडर्स पर छापा मारकर 750 बोरों में रखा भुना चना पकड़ा। इसमें से 400 बोरी चना मध्य प्रदेश से जबकि 350 बोरी छत्तीसगढ़ से मंगाया गया है। इस छापेमारी के बाद चना मंगाने वाली गोरखपुर की फर्म मेसर्स मां तारा ट्रेडर्स साहबगंज गीता प्रेस, मध्य प्रदेश के इंडस्ट्रियल एरिया कटनी के श्रीराम दाल इंडस्ट्रीज व छत्तीसगढ़ के एसवीजी पल्सेज बलूटा बाजार के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। वहां के खाद्य सुरक्षा विभागों को भी पत्र लिखा जाएगा। खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त डा. सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि कई दिनों से बाजार में भुना चना बिकने की सूचना मिल रही थी। इसी क्रम में टीम के सदस्यों को लगाया गया था। कई दिनों तक रेकी करने के बाद मेसर्स मां तारा ट्रेडर्स में भुना चना आने की पुष्टि हुई, जिसके बाद छापा मारा गया। चना का नमूना लेकर अत्याधुनिक मोबाइल लैब फूड सेफ्टी आन व्हील्स में जांच की गई। चने में औरामाइन केमिकल मिलाने की पुष्टि हुई है। यह प्रतिबंधित और जहरीला रसायन है। श्रीराम दाल इंडस्ट्रीज एरिया कटनी से 10 दिसंबर को मेसर्स मां तारा ट्रेडर्स के लिए 775 बोरों में भुना चना भेजना गया था। एक बोरी में 40 किलो चना है। सोमवार को जब खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापा मारा तो इस फर्म से मंगाया गया केवल 400 बोरी चना ही बरामद हुआ।

## गाजीपुर समाचार

### अधीक्षण अभियंता और चार एक्सीईएन को नोटिस


**गाजीपुर।** कर-करेत्तर, मासिक स्टाफ एवं मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

बैठक में बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता विवेक खन्ना एवं चारों खंडों के अधिशासी अभियंता अनुपस्थित रहे। डीएम अविनाश कुमार की ओर से इनको स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया।

समीक्षा में जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने वाणिज्य कर, परिवहन, वन विभाग, स्टांप, नगर पालिका, ऑडिट आपत्ति, चकबंदी, व्यापार कर, विद्युत देय, आबकारी, अंश निर्धारण, मोटर देय, आईजीआरएस, के संबंध में समीक्षा की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों का निर्देशित किया कि अपने-अपने लक्ष्य के सापेक्ष वसूली कराना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

## आजमगढ़ समाचार

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत



**आजमगढ़।** जिले के फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के खुटौली गांव के पास सोमवार देर रात में एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस की मदद से दोनों को फूलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां एक किशोर की मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक को जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के बिरादर गांव निवासी शशिकांत (24) और उसका साथी प्रिंस (15) टेंट हाउस पर काम करते थे। सोमवार को दोनों युवक एक शादी समारोह में टेंट लगाने के बाद बाइक से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे खुटौली गांव के पास मुख्य मार्ग पर पहुंचे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर जुटे आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस के साथ पहुंची एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी फूलपुर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान प्रिंस की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल शशिकांत को जिला अस्पताल रेफर किया गया,

## बलिया समाचार

### एक साथ उठी सास-बहू की अर्थी

**मनियर।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर चार चांदूपाकड़ निवासी सास सुकरी देवी (75) पत्नी महेश शर्मा और बहू प्रियंका शर्मा (35) पत्नी आशुतोष शर्मा की अर्थी सोमवार को एक साथ लोगों की आंखें नम हो गईं। परिजनों के मुताबिक सास (चचिया) सुकरी देवी की तबीयत कुछ दिनों से खराब चल रही थी। वहीं बहू प्रियंका किशनगंज बिहार में अपने पिता के यहां कुछ दिन पहले घूमने गई थी। अचानक उसकी भी तबीयत बिगड़ गई। परिजन नजदीकी चिकित्सालय इलाज कराने लेकर गए। रविवार को इलाज के दौरान बहू की मौत हो गई। बताया जाता है कि परिजन बहू के शव को लेकर मनियर पहुंचे तो सास भी इस दुनिया से चल बसी। सोमवार को दोनों कि अर्थी एक साथ उठी। प्रियंका अपने पीछे दो पुत्री नंदनी (13), ज्योत्सना (11) और पुत्र श्वेतांश (4) को छोड़ गई है। प्रियंका की मौत के बाद बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं एक परिवार से दो अर्थी निकलने से परिवार भी टूट चुका है।

## मीरजापुर समाचार

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक सम्पन्न



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उ0प्र0 खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला स्तर पर सांसद खेलस्पर्धा यथा– एथलेक्टिक्स, वालीबाल, कबड्डी, कुश्ती, भारतोल्लन, बैडमिंटन, फुटबाल एवं जूडो आदि के खेलो के आयोजन पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि कराए जाने वाले खेल स्पर्धाओ की रूप रेखा तैयार कर मा0 सांसद महोदय से समय लेते हुए खेलो को सुनिश्चित करायेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के उद्यमी कारपेट व्यवसायी, विभिन्न कालेजो, बैंकर्स व अन्य व्यवसायियों तथा एन0जी0ओ0 को खेल प्रतियोगिताओ में जोड़ते हुए स्पांशरशिप भी कराया जाए ताकि लोगो को रूझान खेल प्रतियोगिताओ के तरफ बढ़े तथा खिलाड़ियो का उत्साहवर्धन हो सके। उन्होंने जिला क्रीड़ा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियो के संबंध में व उनके अनुभवो अथवा विभिन्न खेलो के बारे मे उन लोगो से लेख, फीचर आदि लेकर जनपद के बारे में भी लेख फीचर तैयार करते हुए वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन करवाने की दिशा में कार्य किया जाए ताकि खिलाड़ियो व आने वाले प्रतिभाओ का प्रचार प्रसार किया जा सके। बैठक में दिव्यांग जन क्रिकेट खिलाड़ियो के लिए क्रिकेट किट जेल पोर्टल के माध्यम किये जाने पर चर्चा, मेजर ध्यानचंद जी जन्म दिवस पर आयोजित होने वाले वृहद खेल क्रिया कलापो पर चर्चा खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति को आर्थिक रूप से सुदृढ़ीकरण किए जाने पर विचार विर्मश सहित अन्य बिन्दुओ पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक मे अपर जिलाधिकारी भू0/रा0 देवेन्द्र प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह, अपर मुख्यचिकित्साधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी धर्मवीर सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी दिनेश कुमार सिंह, पावर लिफिटिंग प्रशिक्षक निधि पटेल, अवर अभियंत सिंचाई अंकित, जिला व्यायाम शिक्षक विनोद कुमार, सचिव जिला ओलम्पिक संघ सत्य प्रकाश त्रिपाठी, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## प्रयागराज समाचार

### सड़क हादसे में बाइक सवार प्रतियोगी छात्र की मौत

**प्रयागराज।** सोमवार सुबह मेजारोड के समहन मानस पेट्रोल पंप के समीप हाइवे पर दो बाइकों में हुई टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। एमबीए की छात्रा गंभीर रूप से जख्मी हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल छात्रा को प्राथमिक उपचार के बाद शहर के लिए रेफर कर दिया गया। बिहार के बक्सर जनपद खैरई का रहने वाला प्रिंस यादव (20) वाराणसी में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करता था। वह सोमवार सुबह अपने महिला साथी निशा पटेल (22) निवासी सोनभद्र को बाइक पर बैठाकर नैनी स्थित राजेंद्र सिंह उर्फ रज्जू भैया विश्वविद्यालय में एमबीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा दिलाने जा रहा था। वह जैसे ही मेजा रोड के मानस पेट्रोल पंप के सामने पहुंचा वैसे ही आगे चल रहे बाइक सवार ने वाहन को पेट्रोल पंप की तरफ मोड़ दिया। अचानक बाइक मोड़ने से पीछे वाली बाइक टकरा गई। हादसे में प्रिंस के सिर में गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठी महिला साथी निशा पटेल गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इस दौरान दो और बाइकें टकरा गईं। लेकिन वह लोग बाल-बाल बच गए। सूचना पर मौके पर मेजा रोड चौकी इंचार्ज सुधीर पांडेय ने पहुंचकर युवक के शव की पहचान कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। जख्मी छात्रा को शहर अस्पताल भेजा गया। उधर, सूचना के पांच घंटे बाद मौके पर बदहवास हालात में पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। हाईवे पर समहन से मनूकापूरा के बीच का इलाका डेंजर जोन बनता जा रहा है। आए दिन हो रहे हादसे के बाद भी एनएचआई गंभीर नहीं हो रहा है। बताया जाता है कि एनएचआई द्वारा डेंजर जोन का संकेत नहीं लगाया गया है।

## जौनपुर समाचार

### दोहरे हत्याकांड का चौंकाने वाले खुलासा

**जौनपुर।** माता-पिता की हत्या के बाद आरोपी अम्बेश कुमार काशी गया और गंगा स्नान करने के बाद घाटों पर घूमते देखा गया। पुलिस ने उसे पकड़ा तो दोहरे हत्याकांड का खुलासा हुआ। जफराबाद थाना क्षेत्र के अहमदपुर गांव निवासी अम्बेश कुमार ने सिलबट्टे से अपनी मां बबिता देवी और पिता श्याम बहादुर की हत्या की। पुलिस की पूछताछ में यह बात सामने आई अम्बेश कुमार ने अपने माता-पिता की हत्या के बाद घर पर किसी के न होने का लाभ उठाते हुए शवों को बोरे में भरा, फिर उसे ठिकाने लगाने लगाने के लिए बोरे को कार में रखा। बेलाव घाट से शवों को बोरे सहित गोमती नदी में फेंक दिया। किसी को शक न हो इसके लिए घर भी आ गया। इसके बाद खुद को बचाने के लिए अगले दिन नौ दिसंबर को माता पिता को खोजने का नाटक करने लगा। उसने माता-पिता के लापता





होने की खबर अपने परिचित, रिश्तेदारों को भी दी। खोजबीन में जुटा अम्बेश कुमार 12 दिसंबर को खुद लापता हो गया। घर न आने पर वाराणसी जनपद के सिंधौरा थाना क्षेत्र कटौना गांव निवासी बहन वंदना परेशान हो गई। वह अगले दिन अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए जफराब-ाद थाने पर पहुंची। जहां उसने माता-पिता के अलावा इकलौते भाई के भी लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने पूरे घटनाक्रम को गंभीरता से लेते हुए तीन टीम गठित कीं, जिसके बाद जांच शुरू हुई। इधर, घूमते-घूमते आरोपी अम्बेश कुमार वाराणसी चला गया। जहां उसने गंगा स्नान भी किया और घाट पर घूमते भी देखा गया। इसके बाद वह घर के नजदीक आने लगा तो खोजबीन में जुटी पुलिस ने उसे बरामद किया। पुलिस के सवालों में अम्बेश कुमार उलझ गया और माता-पिता की हत्या की पूरी कहानी बता दिया। श्याम बहादुर रेलवे में लोको पायलट थे। वह चार महीने पहले ही सेवानिवृत्त हुए थे। उनकी तीन बेटियां हैं। वैसे तो वह मूल रूप से थानागद्दी के खरसेनपुर के रहने वाले थे लेकिन ससुराल में नवासा पाए थे।

## लाइफ मंत्र

### साल 2026 में कब खुलेंगे केदारनाथ मंदिर के कपाट, जानिए यात्रा की सही तैयारी

अप्रैल-मई के बीच केदारनाथ मंदिर को दर्शन के लिए दोबारा खोला जाता है। इस मंदिर के कपाट खुलने की तिथि और समय अक्षय तृतीया के शुभ दिन पर निर्भर करता है।

वहीं महाशिवरात्रि के दिन केदारनाथ मंदिर के कपाट खुलने की घोषणा की जाती है। हिंदू तीर्थ स्थलों में केदारनाथ धाम को एक विशिष्ट स्थान है। यह पवित्र और फेमस चारधाम यात्रा का तीसरा पड़ाव माना जाता है। केदारनाथ मंदिर उत्तराखंड में



पड़ता है और शीतकाल में इस मंदिर के कपाट बंद रहते हैं। वहीं अप्रैल-मई के बीच केदारनाथ मंदिर को दर्शन के लिए दोबारा खोला जाता है। इस मंदिर के कपाट खुलने की तिथि और समय अक्षय तृतीया के शुभ दिन पर निर्भर करता है। वहीं महाशिवरात्रि के दिन केदारनाथ मंदिर के कपाट खुलने की घोषणा की जाती है।

उखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मंदिर के पुजारियों द्वारा पंचांग की गणना के बाद केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय की जाती है।

**साल 2026 में कब खुलेंगे केदारनाथ मंदिर के कपाट**

बता दें कि केदारनाथ मंदिर के कपाट खुलने की तिथि अक्षय तृतीया की तिथि के संयोग के साथ पड़ती है। हिंदू पंचांग के मुताबिक केदारनाथ मंदिर के कपाट 19 अप्रैल 2026 को खुल सकते हैं। इस दिन अक्षय तृतीया का पर्व भी मनाया जाएगा।

**आरती का समय**

केदारनाथ मंदिर के कपाट खुलने के बाद मंदिर में सुबह और शाम दोनों समय आरती होती है। केदारनाथ मंदिर में सुबह की आरती सुबह 04:00 बजे और शाम की आरती 07:00 बजे होती है। वहीं दर्शन का सामान्य समय सुबह 07:00 बजे से लेकर दोपहर के 03:00 बजे तक रहता है। वहीं शाम की आरती शाम 06:00 बजे से 07:30 बजे तक होती है। फिर शाम के सामान्य दर्शन शाम 05:00 से 07:00 बजे के बीच रहता है।

## iPhone Tech Tips: स्विच ऑफ iPhone को भी ट्रैक किया जा सकता है, जानें ये जबरदस्त ट्रिक



अब iPhone खो जाने पर घबराने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि Apple के Find My फीचर की मदद से आपका iPhone बैटरी खत्म होने या पूरी तरह बंद हो जाने के बाद भी ट्रैक किया जा सकता है। यह फीचर आपके डिवाइस की लोकेशन को सुरक्षित तरीके से भेजता है, जिससे आप अपने फोन को आसानी से ढूंढ सकते हैं। कई बार होता है कि हम अपना फोन कहीं रखकर भूल जाते हैं। अगर आपके आईफोन की बैटरी खत्म हो गई है और अचानक से वह स्विच ऑफ हो जाए तो इसे ढूंढने में काफी समस्या होती है। इसका सॉल्यूशन अब एपल ने निकाल दिया है। एपल के iPhone में फाइंड माई फीचर की सहायता से iPhone बंद होने के बाद भी उसे ट्रैक किया जा सकता है। बता दें कि, यह तकनीक ब्लूटूथ सिग्नल, आसपास मौजूद एपल डिवाइस और फाइंड माई नेटवर्क पर काम करती है। जिससे डिवाइस की आखिरी लोकेशन आपके पास पहुंच जाएगी।

**ऑन करें ये सेटिंग**


iPhone यूजर्स को सलाह दी जाती है कि वे आज ही Find My iPhone फीचर को ऑन कर लें। इसके लिए सेटिंग्स में जाकर अपने नाम पर टैप करें, फिर Find My विकल्प चुनें और Find My iPhone को ऑन कर दें। यह फीचर ऑन होने के बाद आपका फोन बैटरी खत्म होने या स्विच ऑफ होने पर भी अपनी लोकेशन भेज सकता है। Find My सेटिंग्स में एक और महत्वपूर्ण विकल्प होता है। Find My Network इसे सक्षम करने पर आपका iPhone आसपास मौजूद किसी भी नए या पुराने Apple डिवाइस से Bluetooth के माध्यम से जुड़कर अपनी लोकेशन लगातार अपडेट करता रहता है।

**दूसरी डिवाइस में लोकेशन कैसे चेक करें**

यदि आपका फोन कहीं खो जाए तो किसी दूसरे iPhone, iPad या Mac पर Find My एप खोलें या सीधे iCloud.com पर लॉगिन कर सकते हैं। जैसे ही डिवाइस से कनेक्शन बनेगा, आफको मैप पर उसकी आखिरी लोकेशन नजर आ जाएगी। इससे पता लग जाएगा कि आपकी डिवाइस कहां पर है। आपको बता दें कि, Find My एप में Lost Mode एक्टिव करने से आपका डिवाइस तुरंत रिमोटली लॉक हो जाएगा और स्क्रीन पर एक कस्टम मैसेज दिखता है। इसमें आप वैकल्पिक नंबर एड कर सकते हैं।

**ग्झ्प्दहा ऑन होते ही नोटिफिकेशन आएगा**

जब आप Find My एप में Notify When Found भी ऑन कर लें। जैसे ही आपका आईफोन दोबारा ऑन होगा या नेटवर्क से जुड़ेगा, आपको जल्द ही नोटिफिकेशन मिलेगा। ऐसा करने से आप बार-बार मैप चेक करने की टेंशन से बच जाते हैं।



## क्या आप भी लगातार स्मार्टफोन की लोकेशन ऑन रखते हैं? सरकार के पास आया प्रस्ताव

**भारत एक नए प्रस्ताव पर विचार कर रहा है, जिसके मुताबिक भविष्य में सभी स्मार्टफोनों में उझ्ए को स्थायी रूप से सक्रिय रखा जाएगा और उपयोगकर्ता इसे बंद नहीं कर पाएंगे। यह व्यवस्था कई प्रकार के जोखिम पैदा कर सकती है।**

भारत सरकार के पास भेजे गए एक नए प्रस्ताव ने काफी सुर्खियों में आ गया है। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि सभी स्मार्टफोनों में उझ्ए ट्रैकिंग को हमेशा सक्रिय रखा जाए। यानी अगर यह प्रस्ताव मंजूर हो जाता है, तो आपके फोन की लोकेशन लगातार ऑन रहेगी और उसे बंद करने का विकल्प आपके पास नहीं रहेगा। सुरक्षा के नजरिए से यह कदम उपयोगी माना जा सकता है, लेकिन इससे आम यूजर्स की प्राइवेसी को बड़ा खतरा हो सकता है। आइए समझते हैं कि यदि स्मार्टफोन की लोकेशन हर समय चालू रहे, तो यह कितनी गंभीर समस्या बन सकती है।

**जानिए पूरा मामला**

हालिए में रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत सरकार एक ऐसे प्रस्ताव पर विचार कर रही है, जिसमें स्मार्टफोन का उझ्ए हमेशा ऑन रहेगा। भारत के दूरसंचार उद्योग, खासकर Cellular Operators Association of india (COAI) स्मार्टफोन में हमेशा GPS ऑन रखने के पक्ष में है। COAI चाहती है कि सरकार A-GPS टेक्नोलॉजी को सभी डिवाइस में हमेशा ऑन रखने का आदेश दिया है। आपको बता दें कि, A-GPS का मतलब होता क्या है- असिस्टेड ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम। यह सैटेलाइट सिग्नल और सेलुलर डेटा का इस्तेमाल करके किसी भी व्यक्ति की सटीक लोकेशन बताता है। इस प्रस्ताव की सबसे बड़ी खासियत यह है कि उपयोगकर्ताओं को इसे बंद करने का कोई विकल्प उपलब्ध नहीं होगा।

**ऐपल, गूगल, सैमसंग ने जताया विरोध**

इसके साथ ही ऐपल, गूगल और सैमसंग जैसी कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाली India Cellular & ElectronicsAssociation (ICEA) ने सरकार को जुलाई में एक कॉन्फिडेंशियल लेटर भेजा था। इसमें कहा गया था कि यह कदम 'रेगुलेटरी दखल' होगा। उन्होंने यह भी कहा था कि A-GPS नेटवर्क निगरानी के लिए नहीं बनाए गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि डिवाइस लेवल लोकेशन ट्रैकिंग का दुनिया में कोई उदाहरण नहीं है।


**फोन की लोकेशन हमेशा ऑन रहने से क्या होगा?**

रिपोर्टों में कहा गया है कि यदि मोबाइल की लोकेशन लगातार चालू रहने से, तो इसमें मौजूद ऐप्स और विभिन्न सेवाएं यूज़र की वास्तविक समय की लोकेशन को ट्रैक कर सकती हैं और उसके आधार पर उसकी लाइफस्टाइल व आदतों को लेकर एक विस्तृत जानकारी तैयार की जा सकती हैं। लगातार लोकेशन ऑन रखने से फोन की बैटरी जल्दी खत्म होती है, जिससे बैटरी की सेहत पर भी नकारात्मक असर पड़ता है।

**हैकर्स कर सकते हैं परेशान**

किसी भी स्मार्टफोन में हमेशा लोकेशन ऑन रहने से हैकर्स भी उसमें सेंध लगा सकते हैं। यह यूजर को परेशान कर सकते हैं। यूजर की लोकेशन जानकर पीछा किया जा सकता है या उसे शारीरिक नुकसान तक पहुंचा सकते हैं। वहीं, जिन कंपनियों के पास यूजर का रियल टाइम डेटा होता है, वह उसका गलत इस्तेमाल भी कर सकते हैं। लोगों के टार्गेटेड विज्ञापन दिखाए जा सकते हैं।

## Tech Tips: iPhone की असलियत चेक करने के 5 आसान उपाय, कोई भी गलती न करें



Apple अपने प्रोडक्ट्स की पैकेजिंग में बेहद प्रीमियम क्वालिटी देता है। असली ग्झ्प्दहा का बॉक्स मजबूत और कॉम्पैक्ट होता है। बॉक्स पर प्रिंट क्वालिटी साफ-सुथरी होती है और अंदर केबल, चार्जर और अन्य एक्सेसरीज Apple स्टैंडर्ड्स के अनुसार होती हैं। भारत समेत दुनिया भर में iPhone की जबरदस्त लोकप्रियता है। इसकी डिज़ाइन, परफॉर्मेंस और ब्रांड वैल्यू के कारण लोग इसे खरीदने के लिए हमेशा उत्साहित रहते हैं। लेकिन लोकप्रियता का ये मतलब है कि बाजार में नकली iPhone की संख्या भी बढ़ गई है। ये नकली फोन दिखने में बिल्कुल असली जैसे होते हैं और कई बार अनऑथराइज्ड दुकानों या लोकल रिपेयर मार्केट में लोग गलती से इन्हें खरीद लेते हैं। फेस्टिव सीजन की सेल शुरू होते ही ऐसे मामलों में और इज़ाफा हो सकता है। अगर आप नया iPhone खरीदने वाले हैं, सेकंड हैंड फोन लेने का सोच रहे हैं या अपने मौजूदा फोन की असलियत चेक करना चाहते हैं, तो ये आसान तरीके आपकी मदद करेंगे।

**1. पैकेजिंग और एक्सेसरीज की जांच करें**

Apple अपने प्रोडक्ट्स की पैकेजिंग में बेहद प्रीमियम क्वालिटी देता है। असली iPhone का बॉक्स मजबूत और कॉम्पैक्ट होता है। बॉक्स पर प्रिंट क्वालिटी साफ-सुथरी होती है और अंदर केबल, चार्जर और अन्य एक्सेसरीज Apple स्टैंडर्ड्स के अनुसार होती हैं। यदि बॉक्स ढीला हो, प्रिंट फीका दिखे या एक्सेसरीज संदिग्ध लगें, तो सावधान रहें। नकली ग्झ्प्दहा अक्सर सस्ते और कमजोर बॉक्स में आते हैं और केबल, चार्जर या हेडफोन की क्वालिटी असली मॉडल जैसी नहीं होती।

**2. सीरियल नंबर और IMEI से करें असलियत की पुष्टि**

हर iPhone का एक यूनिक सीरियल नंबर और IMEI होता है, जो फोन के बॉक्स और डिवाइस में प्रिंट होता है। असली होने की पुष्टि करने के लिए इन स्टेप्स को फॉलो करें:

1. सीरियल नंबर चेक करें – Apple की Check Coverage वेबसाइट पर सीरियल नंबर डालें। यहां आपको मॉडल, वारंटी और डिवाइस से जुड़ी अन्य जानकारी मिलेगी।

2. IMEI नंबर मिलाएं – फोन में *#06# डायल करें। यह नंबर बॉक्स और SIM ट्रे पर लिखे IMEI नंबर से मैच करना चाहिए। यदि तीनों नंबर अलग हैं, तो संभावना है कि फोन नकली है।

**3. बिल्ड क्वालिटी पर दें ध्यान**

असली iPhone हाथ में लेने पर हमेशा ठोस और प्रीमियम फील देता है। इसके बटन क्लिक करते समय मजबूत आवाज़ और सटीक फीडबैक देते हैं।

- Apple का लोगो बिल्कुल सेंटर में और स्मूथ होना चाहिए।
- स्क्रीन की क्वालिटी, वजन और मोटाई असली स्पेसिफिकेशन्स से मेल खानी चाहिए।
- नकली मॉडल में अक्सर ढीले बटन, गलत लोगो, खराब फिटिंग और रफ एजेज़ दिखाई देती हैं।

यदि आप चाहें तो माइक्रोस्कोप या मैग्निफाइंग ग्लास से डिटेल्स चेक कर सकते हैं।

**4. सॉफ्टवेयर और फीचर्स से पहचानें असली iPhone**

iPhone का सबसे भरोसेमंद पहचानने का तरीका है उसका सॉफ्टवेयर। असली iPhone हमेशा iOS पर चलता है, जबकि नकली फोन Android आधारित ग्ध्ए जैसा इंटरफेस दिखाते हैं।

- Settings > General > Software Update में जाकर iOS अपडेट चेक करें।
- Siri को 'Hey Siri' कहकर या पावर बटन दबाकर एक्टिवेट करें।

अगर Siri काम नहीं करती या सॉफ्टवेयर अपडेट में ग्ध्ए की जगह कुछ और दिखाई दे, तो हो सकता है कि फोन नकली हो।

**5. कन्फ्यूजन हो तो सर्विस सेंटर जाएं**

अगर आप फोन में किसी भी तरह की अनिश्चितता महसूस करते हैं, तो Apple ऑथराइज्ड सर्विस सेंटर जाना सबसे सुरक्षित तरीका है। एक्सपर्ट्स आपके iPhone की असलियत तुरंत बता देंगे और किसी भी धोखे से बचा सकते हैं। iPhone की लोकप्रियता के साथ नकली मॉडल का खतरा भी बढ़ा है। पैकेजिंग, एक्सेसरीज, सीरियल नंबर, IMEI, बिल्ड क्वालिटी और सॉफ्टवेयर फीचर्स की जांच करके आप आसानी से असली और नकली iPhone में फर्क पहचान सकते हैं। सावधानी से खरीदारी करना और किसी भी शक के मामले में ऑथराइज्ड सर्विस सेंटर जाना ही सबसे सुरक्षित तरीका है। इन आसान तरीकों को अपनाकर आप फेस्टिव सीजन की सेल में भी धोखे से बच सकते हैं और अपने पैसे और डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762


मेडिकल डायरेक्टरी

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682